आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.01.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45 बजे

## मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने बांस, सफेदा और पापुलर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पेड़ों के कटान पर लगाया प्रतिबंध।
- प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में ड्रग माफिया को खत्म करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने को दी मंजूरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया चुनावी गारंटियों के विपरीत काम करने का आरोप।
- प्रदेश हाईकोर्ट ने टाउनहॉल शिमला में हाई एंड कैफे खोलने के विरोध में दायर याचिका को किया खारिज।

## कैबिनेट

प्रदेश सरकार ने राज्य में बांस, सफेदा और पापुलर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये निर्णय प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल के फैसले के अनुसार खेर की कटाई की अनुमति केवल बिक्री के लिए दस वर्षीय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 की अनुसूची एक ए में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने को भी मंजूरी दी। इस अध्यादेश के आने से प्रदेश में धारा 118 के तहत भूमि के सुरक्षित हस्तांतरण और पटटे के लेन देन पर 12 प्रतिशत की एक समान ड्यूटी लगाई जाएगी

जगत सिंह नेगी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बीपीएल की सूची में शामिल किए जाने वाले परिवारों के संबंध में नये मापदंड लागू करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने राज्य के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के लिए दिशा–निर्देशों को मंजूरी दी।

## कैबिनेट–2

मंत्रिमंडल ने प्रदेश में नशे के कारोबार के नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स की स्थापना को भी मंजूरी दी।

जगत सिंह नेगी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नालागढ़ में एक मैगावाट का हरित हाईड्रोजन प्रौजेक्ट स्थापित करने, पम्प स्टोरेज परियोजना के लिए हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाने, वैट, सीएसटी और प्रवेश कर अधिनियमों के तहत लम्बित मामलों के निपटान के लिए हिमाचल प्रदेश सदभावना विरासत मामले समाधान योजना शुरू करने, शिमला के तारादेवी मंदिर के आसपास के क्षेत्र को हरित क्षेत्र के दायरे में लाने और कांगड़ा की पंचरूखी उप तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने शिमला के धमवाड़ी, चंबा के साहो और कांगड़ा के चचियां में नई उप तहसीलें खोलने व बद्दी–बरोटीवाला नालागढ़ विकास प्राधिकरण लैंड पूलिंग पॉलिसी को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार सभी विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित बना रही है कि सभी स्तरों पर अध्यापकों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। रोहित ठाकुर सोलन में नवनियुक्त प्रशिक्षित स्नातकों के लिए 15 दिवसीय प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम एक सौ 14 स्नातक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सभी कॉलेजों में शिक्षकों के खाली पड़े पदों को भर रही है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थियों को पहुंचाना सुनिश्चित करें।

सुखराम चौधरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक सुखराम चौधरी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है और चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाल है। इसके बावजूद सरकार मौन बनी हुई है। सुखराम चौधरी ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में हर रोज अपराध और भ्रष्टाचार की घटनाएं हो रही हैं जो चिंताजनक हैं।

किशोरी लाल

विधायक किशोरी लाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। किशोरी लाल ने आज बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की महाकाल पंचायत के मंधोल गांव में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर कहा कि सुक्खू सरकार सुशासन की सरकार है और लोगों की समस्याओं का अभिलंब समाधान किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गरीब तथा विकास विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल में दी गई झूठी गारंटियों की कीमत आज पूरे देश को चुकानी पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष कहा कि ये दोनों ही पार्टी दिल्ली के मतदाताओं को झूठ बोलकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

लेकिन चुनाव में इनकी हार तय है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भी राज्य के लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश के अस्पतलों में जीवन रक्षक दवाईयां तक उपलब्ध नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस के लोग तानाशाह हो गए हैं और लोगों को विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटियों के विपरीत काम कर रहे हैं।

हाईकोर्ट

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के टाउन हॉल में हाई एंड कैफे खोलने के विरोध में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। मामले पर अंतिम सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका को वापिस ले लिया। इस याचिका के खारिज होने के बाद अब फिर से टाउन हॉल परिसर में हाई एंड कैफे खोलने का रास्ता साफ हो गया है। इस मामले पर अंतिम सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कैंथला के समक्ष चल रही थी। अगस्त 2023 में दायर इस याचिका में हाईकोर्ट ने 10 जनवरी 2024 को टाउन हॉल शिमला में फूड कोर्ट के संचालन पर रोक लगा दी थी।

सड़क

राजधाानी शिमला में विधानसभा से बालूगंज सड़क लगभग पांच महीने बाद हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए फिर से बहाल हो गई है। स्थानीय विधायक हरीश जनारथा ने इस सड़क को आज औपचारिक रूप से वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल किया। बरसात के दौरान ये सड़क भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के पास क्षतिग्रस्त हो गई थी। जनारथा ने इस मौके पर कहा कि फिलहाल इस सड़क पर हल्के वाहनों की आवाजाही होगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क को फिर से तैयार करने पर लगभग एक करोड़ रूपए की लागत आई है।

डी.सी शिमला

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आज शिमला में स्वयं सहायता समूह लोन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि लोन दिवस का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण आवेदन की प्रक्रिया को सुगम और त्वरित बनाना है ताकि उन्हें समय पर ऋण मिल सके। उन्होंने स्वयं समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

बैडमिंटन

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खेल बोर्ड शिमला ने पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है। टीम के कोच अजय कंवर व प्रबंधक ऋषि पाल ने बताया कि क्षेत्रीय खेल बोर्ड शिमला की टीम ने फाइनल में आरएसबी शिलांग की टीम को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ये प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी तक आयोजित की गई।

मौसम

प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद शीतलहर का प्रकोप जारी है। प्रदेश के मैदानी जिलों बिलासपुर, मंडी और ऊना में लोगों को घने कोहरे और प्रचंड शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत भी मिल रही है। राज्य के लगभग एक दर्जन शहरों में आज न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। लाहौल स्पिति का कुकमसेरी व आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 11 दशमलव 3 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 10 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के निचले जिलों बिलासपुर, मंडी, ऊना व कांगड़ा में अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा व पाला पड़ने का भी पूर्वानुमान लगाया है और शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 11 व 12 जनवरी को राज्य में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है।